रजिस्ट्री सं. डी. एल.--33001/97 REGISTERED NO. DL--33001/97

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY
No. ...
GOVT. OF INDIA

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 18, 1997 (पौष 28, 1918)
No. 3] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 18, 1996 (PAUSA 28, 1918)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I--खण्ड 1--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालयों द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	57
भाग I--खण्ड 2--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	39
भाग I--खण्ड 3--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	1
भाग I--खण्ड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	91
भाग II--खण्ड 1--अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II--खण्ड 1-क--अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II--खण्ड 2--विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II--खण्ड 3--उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उप-विधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II--खण्ड 3--उप-खण्ड (ii) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II--खण्ड 3--उप-खण्ड (iii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II--खण्ड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III--खण्ड 1--उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	33
भाग III--खण्ड 2--पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	105
भाग III--खण्ड 3--मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	--
भाग III--खण्ड 4--विविध अधिसूचनाएं जिसमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं।	193
भाग IV--गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	7
भाग V--अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला अनुपूरक	

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	57
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	39
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . . .	1
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	91
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .	*

	PAGE
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, Published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories) .	
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence .	
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India .	33
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	105
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	193
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies .	7
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Files not received

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधिसंगत नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 10 जनवरी 1997

सं. 93-प्रेस/96—राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री बी. एम. प्रधान,
सूबेदार मेजर,
26 असम राइफल्स,
दीमापुर (नागालैण्ड)

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

28-6-1995 को लगभग 2300 बजे अपराह्न को, एस. एस., सार्जेंट सोन्दो लोथा, एक खूंखार उग्रवादी जो एन.एस.सी.एन. (आई.-एम) गुट के "डेथ स्क्वाड" का सदस्य था, की उपस्थिति के बारे में सूचना मिली। हालांकि आपरेशन के लिए कोई अफसर या जवान उपलब्ध नहीं थे, फिर भी सूबेदार मेजर बी. एम. प्रधान ने तुरत-फुरत, धोबियों, रुफाई वालों, नाईयों और अन्य ट्रेडमैनों को मिलाकर एक सेक्शन बनायी और और चल पड़े। वह रास्ते में एक अफसर से मिले और उनसे, आपरेशन के लिए कुछेक जवान उपलब्ध करने का अनुरोध किया और पीटी को दो भागों में विभाजित कर दिया। एक भाग का नेतृत्व अफसर ने किया और दूसरे का नेतृत्व श्री प्रधान ने किया। वे शहर के बाहरी किनारे पर पहुंचे और दो अलग-थलग मकानों को घेरा, जहां कुख्यात उग्रवादियों के छिपे होने की बात कही गयी थी। एक मकान को 6 जवानों द्वारा घेर लिया गया। श्री प्रधान 4 जवानों के साथ, तलाशी के लिए घर के अन्दर घुसे। जब तलाशी दल प्रथम तल पर पहुंचा तो एक व्यक्ति खिड़की से बाहर कूद कर जंगल की तरफ भागने लगा। उस समय श्री प्रधान एक पाईप के जरिए फिसलते हुए नीचे उतरे और इस प्रक्रिया में जख्मी हो गए, लेकिन घुटना जख्मी हो जाने के बावजूद उस व्यक्ति का पीछा करना शुरू कर दिया और घेरा डालने वाली पार्टी को अपने पीछे आने के लिए कहा। लगभग 700 मीटर तक पीछा करने के बाद, दो जवानों ने उस व्यक्ति को दबोच लिया। पूछ-ताछ करने पर उसने स्वयं को एस.एस. सार्जेंट, सोन्दो लोथा एस. एस. सी.एन. (आई-एम) के "डेथ स्क्वाड" का सदस्य बताया। यह "डेथ-स्क्वाड" शहर में अति विशिष्ट व्यक्तियों की हत्या का जिम्मेवार था।

इस मुठभेड़ में, श्री बी. एम. प्रधान, सूबेदार मेजर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक की नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28-6-1995 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 94-प्रेस/96—राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री वी. एस. सलारिया,
राइफलमैन,
10, असम राइफल्स

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

कुछ राष्ट्र-विरोधी तत्वों को पकड़ने के लिए 24 जून, 1995 को बाराबिला में एक संयुक्त घेराबन्दी और तलाशी अभियान चलाया गया था। लगभग 1120 बजे, पहली बार सामना होने पर, पुलिस पार्टी पर गोलियां चलायी गयी और दोनों ओर से हुई इस गोलीबारी में एक राष्ट्र-विरोधी तत्व गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। राइफलमैन सलारिया अपनी कम्पनी के साथ, राष्ट्र-विरोधी तत्वों के साथ मुठभेड़ में लगी टुकड़ियों की सहायता के लिए तुरन्त घटनास्थल पर गए। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना, वह अपने कम्पनी कमान्डर के साथ, उग्रवादियों के छिपने के स्थान के नजदीक चले गए और सटीक गोली-बारी करके उन्हें उलझाए रखा, जिससे कम्पनी कमांडर को उग्रवादियों को छिपने के स्थान पर घेरा डालने में अन्य पार्टियों के संचालन में मदद

मिली। इस वीरतापूर्ण और साहसिक कारवाई के परिणामस्वरूप चार उग्रवादी मारे गए और तीन ए.के.-47 राइफलें, मैगजीन गोला-बारूद और युद्ध सामग्री किस्म का अन्य स्टोर बरामद हुआ। मृतक उग्रवादियों की शिनाख्त अब्दुल खालिक गनी, मुश्ताक अब्दुल नीन मो. अमीन पारे और गुलाम नबी पारे मोलवी के रूप में की गयी।

इस मुठभेड़ में श्री बी. एस. सलारिया, राइफलमैन ने अदम्य वीरता और उच्चकोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक की नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24-6-1995 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 95-प्रेस/96—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री श्रीकिशन, निरीक्षक,
11वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

श्री आर. थंगापान्डी, कांस्टेबल,
119वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिसके लिए पदक प्रदान किया गया

14-9-94 को निरीक्षक श्री श्रीकिशन के अधीन कांस्टेबल आर. थंगापान्डी सहित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कार्मिकों का एक सैक्शन 0600 बजे से थांगल बाजार, इम्फाल में गश्त ड्यूटी पर था। लगभग 0715 बजे एक उग्रवादी अचानक पीछे से आया और कांस्टेबल आर. थंगापान्डी पर बहुत निकट से गोली चलाई जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल होने के बावजूद कांस्टेबल थंगापान्डी ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दो राउंड फायर किए जिससे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल पर उस उग्रवादी की ओर से गोलियां चलनी बंद हो गई और साथ ही केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिक सतर्क हो गए। इसी बीच, एक ट्रक के पीछे छुपे हुए इस उग्रवादी ने निकट से श्री श्रीकिशन पर रिवाल्वर से गोली चलाई। श्री श्रीकिशन ने भी इसका जवाब दिया। निशाना चूक जाने पर वह उग्रवादी, निरीक्षक श्री श्रीकिशन पर झपटा। निरीक्षक, श्रीकिशन ने अपनी जान की परवाह किए बिना, उग्रवादी को दूर धकेला और साथ ही साथ गोली भी चला दी जिसके परिणामस्वरूप उग्रवादी सड़क पर गिर गया और जख्मों के कारण उसकी मृत्यु हो गई। मृत उग्रवादी, जिसकी पहचान चिंगंगा बीरेन उर्फ सरजीत, के रूप में की गई जो कि एक कट्टर पी.एल.ए. सदस्य था, उसके पास से 3 जिंदा कारतूसों सहित .38 बोर का एक रिवाल्वर बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में श्री श्रीकिशन, निरीक्षक, और श्री आर. थंगापान्डी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता दिनांक 14-9-1994 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 96-प्रेस/96—राष्ट्रपति, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री ए. पलानीवेलु,
उप-निरीक्षक/कार्यपालक,
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यूनिट,
एन.पी.पी.सी.एल., तुली, नागालैंड।

सेवाओं का विवरण जिसके लिए पदक प्रदान किया गया

19-6-1995 को श्री ए. पलानीवेलु, उप-निरीक्षक (कार्यपालक) चार अन्य के साथ, नागालैंड कागज एवं लुगदी कं., लिमिटेड तुली के कोष सेक्शन में गार्ड ड्यूटी पर थे। लगभग 1015 बजे हथियारों से लैस अज्ञात व्यक्तियों के एक गिरोह ने वित्त प्रभारी से (एन.पी.पी.सी.एल) के रोकड़ कक्ष की चाबी ले ली और उसे बंधक बना लिया। रात्रि-ड्यूटी पर आ रहे एक कांस्टेबल को भी बंधक बना लिया गया। लगभग 2340 बजे ए.के.-47 राइफलों से लैस उस गिरोह ने रोकड़ कक्ष में ड्यूटी कर रहे केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के गार्डों पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए हमला कर दिया। इस अचानक हमले में उप-निरीक्षक, पलानीवेलु को एक गोली लगी जो उनके पेट को भेदते हुए बाहर निकल गई। चोट की परवाह किए बिना, उप-निरीक्षक, पलानीवेलु ने अपनी रिवाल्वर से गोली चलाई और अपने अधीनस्थों को भी गोली चलाने का आदेश दिया, वे तब तक जवाबी हमले का मार्गदर्शन करते रहे जब तक कि वे जमीन पर गिर नहीं पड़े। करीब 10 मिनट तक चले जवाबी हमले में एन.एस.सी.एन. के दो उग्रवादी बुरी तरह घायल हो गए जबकि अन्य उग्रवादी, अपने घायल साथियों को लेकर मुठभेड़ स्थल से भाग गए लेकिन अपने वाहन पीछे छोड़ गए। एक जीप तथा एक मोटर-साईकिल घटनास्थल से बरामद हुए। उप-निरीक्षक, पलानीवेलु जिनके साहसपूर्ण प्रतिरोध के कारण 20 लाख रुपये लूट जाने से बचाए जा सके, को तुरन्त जोरहाट स्थित थल सेना अस्पताल ले जाया गया।

इस मुठभेड़ में, श्री ए. पलानीवेलु, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है, तथा फलस्वरूप नियम 5 के

अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19-6-1995 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 97-प्रेज/96—राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री एल. देबेन सिंह,
पुलिस उप-निरीक्षक,
त्वरित कार्रवाई पुलिस बल,
जिला-इंफाल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

7-7-1995 को सूचना मिली कि पी.एल.ए.के. कुछ भूमिगत कार्यकर्ता आधुनिकतम हथियारों से लैस होकर थांगखेई, थंगापसमेपाल और डामोन लीकाई आदि क्षेत्रों में खुलेआम घूम रहे हैं । पीछा करने के लिए तुरंत दो पुलिस दल बनाए गए—एक दल का नेतृत्व इंफाल थाने के प्रभारी, के. तोम्बा सिंह ने किया और दूसरे का, त्वरित कार्रवाई पुलिस बल के उप-निरीक्षक, एल. देबेन सिंह ने लगभग 12.20 बजे तीन युवकों को मोटर-साईकिल पर आते देखा गया । पुलिस को देखकर वे जल्दी से एक गली की तरफ मुड़ गए । उनकी संदेहास्पद गतिविधियों को भांपकर दोनों पुलिस दलों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। पीछे की सीट पर बैठे व्यक्तियों में से एक ने पुलिस दल पर गोलीबारी की । पुलिस कार्मिकों ने भी इसका जवाब दिया । पुलिस गोलाबारी के परिणामस्वरूप मोटर साईकिल के चालक के पैर में अनेक गोलियां लगीं और सभी तीनों जमीन पर गिर गए । के. तोम्बा सिंह ने घायल कार्यकर्ता को काबू कर लिया । तथापि, शेष दोनों अपराधी अलग-अलग दिशाओं में नजदीक के घरों की तरफ भागे । उनमें से एक का पीछा उप-निरीक्षक, देबेन सिंह और उनके दल द्वारा किया गया । इस दल ने घर-घर तलाशी ली । तलाशी के दौरान उन्होंने एक युवक को साईकिल पर बच निकलने की कोशिश करते देखा । परन्तु उप-निरीक्षक देबेन सिंह ने उसका पीछा करके उसे पकड़ लिया । तीसरे युवक को भी दूसरे पुलिस दल द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया । गिरफ्तार किए गए सभी अपराधियों की पहचान (1) लाईश्रम बिजय सिंह उर्फ पौना (2) मैरंगथेम सूरज सिंह उर्फ समरजीत और (3) एम. इबोम्चा उर्फ राजन के रूप में की गई । ये तीनों व्यक्ति पी.एल.ए. के लड़ाकू ग्रुप के सक्रिय सदस्य थे और बड़ी संख्या में जघन्य अपराधों में संलिप्त थे । तलाशी के दौरान अपराधियों के पास से अनेक जिंदा कारतूसों के साथ 9 एम.एम. की तीन पिस्तौलें बरामद हुईं ।

इस मुठभेड़ में, श्री एल. देबेन सिंह, पुलिस उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7-7-1995 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 98-प्रेस/96—राष्ट्रपति, उड़ीसा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री पंचानन पात्रा, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
राउरकेला

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

11 दिसम्बर, 1994 को पूर्वाह्न लगभग 10 बजे स्कूटर पर सवार कांस्टेबल पात्रा ने बेबेगांव बस्ती के निवासियों का हो-हल्ला सुना और दो व्यक्तियों को गांव की ओर से भागकर आते और एक आटो-रिक्शा पर बैठते देखा । उसने तुरन्त इस आटो-रिक्शा में जा रहे दो कट्टर अपराधियों, मो. मकसूद आलम तथा मो. नर्गिस आलम, जिन्होंने ग्रामवासियों से उन्हें आतंकित कर दिया था, का पीछा किया और पुरजोर पीछा करने के बाद आटो-रिक्शा को तरकेरा क्रासिंग के नजदीक रोक लिया । उसने तुरन्त ही अभियुक्तों में से एक मो. नर्गिस आलम नामक अभियुक्त पर काबू करके उसे निहत्था कर दिया । इतने में ही सह-अभियुक्त मो. मकसूद आलम ने भागने के प्रयास में अपनी पिस्तौल से सिपाही पर गोली चला दी जिससे सिपाही पात्रा बेहोश हो गया और घायलावस्था में ही उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

बाद में गांववालों ने 2 पिस्तौलों तथा एक खाली कारतूस के साथ उपर्युक्त दोनों अभियुक्तों को पकड़ लिया ।

इस मुठभेड़ में, श्री पंचानन पात्रा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11-12-1994 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 99-प्रेस/96—राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री उदय कुमार,
पुलिस उप-निरीक्षक,
दारांग जिला ।

श्री एन. एन. राय,
सहायक पुलिस उप-निरीक्षक,
दारांग जिला ।

श्री यू. ए. अली,
कांस्टेबल,
12वीं बटालियन, असम पुलिस,
सोनितपुर जिला ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

24-10-1993 को दोपहर लगभग 12 बजे थाना सीपाझार, जिला दारांग के प्रभारी को ग्राम नीज सीपाझार के एक कार्यकर्ता के घर पर दो कट्टर उल्फा कार्यकर्ताओं के होने की सूचना मिली । उन्हें पकड़ने के लिए उन्होंने तुरन्त ही उप-निरीक्षक, यू. के. राय, के नेतृत्व में एक खातागार दल तैनात किया जिसमें उप-निरीक्षक, एन. एन. राय तथा कांस्टेबल, यू.ए. अली सहित एक सहायक उप-निरीक्षक, एक हवलदार तथा तीन कांस्टेबल थे । पुलिस दल युक्तिपूर्वक उस घर तक पहुंचा । पुलिस दल को देखकर उल्फा कार्यकर्ताओं ने पुलिस कार्मिकों पर गोलीबारी करनी शुरू कर दी और समीप स्थित धान के खेतों की तरफ भाग गए । भागते हुए उल्फा कार्यकर्ताओं की तरफ से गोलीबारी होने के बावजूद पुलिस दल ने उनका पीछा किया । पुलिस दल ने भी कार्यकर्ताओं पर गोलीबारी की जिसके फल-स्वरूप एक उग्रवादी घटनास्थल पर ही मारा गया जबकि दूसरा घायल हो गया ।

मृत उग्रवादी की पहचान ज्योति सैकिया उर्फ शंकर बरुआ के रूप में तथा घायल उग्रवादी की पहचान किरन नाथ उर्फ अनिबन चेटिया (कार्यालय सचिव, जिला दारांग, जो 4-4-1993 को गुवाहाटी मेडिकल कालेज से भाग गया था) के रूप में हुई । तलाशी के दौरान पुलिस दल ने नकदी के साथ-साथ निम्नांकित हथियार और गोला-बारूद बरामद किए :—

1. 9 एम. एम. के 40 राउंडों से भरी दो मैगजीनों सहित एक स्टेनगन ।
2. एक मैगजीन सहित 9 एम. एम. की एक पिस्तौल ।
3. दो हथगोले ।
4. 3071/- रु. नगद ।

इस मुठभेड़ में श्री उदय कुमार, पुलिस उप-निरीक्षक, श्री एन. एन. राय, सहायक पुलिस उप-निरीक्षक तथा श्री यू.ए. अली, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24-10-1993 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 100-प्रेस/96—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्न-लिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री कुलदीप सिंह,
पुलिस उप-निरीक्षक,
73 बटालियन, सी. सु. ब. ।

श्री सुरेश कुमार,
कांस्टेबल,
73 बटालियन, सी. सु. ब. ।

श्री पी. टी. कृष्ण कुमार,
कांस्टेबल,
73 बटालियन, सी. सु. ब. ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

7-8-1994 को विश्वसनीय सूचना के आधार पर, गांव पेटसीर में एक मस्जिद में छिपे कट्टर उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए एक विशेष छानबीन और तलाशी अभियान की योजना बनाई गई । उस इलाके में छिपे आतंकवादियों ने तलाशी दल पर पहले हथगोले फेंके और फिर भारी गोली-बारी की जिससे सीमा सुरक्षा बल के तीन कार्मिक गोलियों से बुरी तरह घायल हो गए । स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए, दल को पुनर्गठित किया गया और मस्जिद के चारों तरफ की भीतरी घेराबंदी कड़ी कर दी गई । तलाशी दल ने उग्रवादियों से आत्म-समर्पण करने को कहा परन्तु ऐसा करने की बजाए उन्होंने खिड़कियों से तलाशी दल पर कुछ गोलियां दागी । तत्पश्चात् उग्रवादियों के साथ भारी गोली-बारी हुई और सीमा सुरक्षा बल के कुछ और कर्मियों को गोलियां लगी । इसी बीच सीमा सुरक्षा बल के उप-महानिरीक्षक मौके पर पहुंच गए और उन्होंने स्थिति का जायजा लिया । चूंकि उग्रवादी अब भी अडिग थे इसलिए यह निश्चय किया गया कि मस्जिद के अंदर हथगोले फेंके जाएं । उग्रवादियों ने गोलियां चलाना जारी रखा । दोनों ओर से गोलियां चलने के दौरान सीमा सुरक्षा बल का एक अन्य कर्मी

घायलावस्था में ही चला बसा और सीमा सुरक्षा बल के एक अन्य कार्मिक को गोलियां लगीं । चूंकि उग्रवादी लगातार गोलियां चला रहे थे इसलिए यह निश्चय किया गया कि उनके छिपने के ठिकाने पर धावा बोल दिया जाए । उप-निरीक्षक कुलदीप सिंह की कमान में सर्वश्री सुरेश कुमार और कृष्ण कुमार की एक टीम ने मस्जिद के मुख्य हाल पर धावा बोल दिया । इस पर लगभग 15 मिनट तक भीषण मुठभेड़ होती रही ।

इस मुठभेड़ के दौरान तीनों कमांडों की बुलेट प्रूफ जैकेटों पर अनेक गोलियां आकर लगीं परन्तु वे चमत्कारिक रूप से बच गए । क्षेत्र की तलाशी के दौरान 3 शव और 3 ए.के.-47/56 राइफलें, ए.के. श्रेणी की 9 मैगजीनें, ए.के. श्रेणी के 12 कारतूस, 1 वायरलैस सैट और ए.के. श्रेणी के 56 कारतूसों के खोखे बरामद हुए । मारे गए उग्रवादियों की पहचान बाद में मोहम्मद अमीन गनाई, गुलाम महम्मद हसन और महम्मद अमीन लोन के रूप में हुई, ये सभी पाकिस्तान समर्थक गुट हरकत-उल-अंसार से संबद्ध थे ।

इस मठभेड़ में, श्री कुलदीप सिंह, पुलिस उप-निरीक्षक, सर्वश्री सुरेश कुमार, कांस्टेबल और पी. टी. कृष्ण कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति पुलिस नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7-8-1994 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 101-प्रेस/96—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्न-लिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री श्याम सिंह ,
हैड-कांस्टेबल/चालक,
89 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

19-10-1995 को लगभग 0700 बजे केन्द्रीय स्कूल, लालमफालपट, इम्फाल की यूनिट स्कूल बस, 19 स्कूली बच्चों और 9 अन्य रंकों को लेकर यूनिट परिसर से निकली । लगभग 0740 बजे जब यह बस इम्फाल नगर से लगभग 35 कि.मी. की दूरी पर स्थित गांव बांगबाल से होकर गुजर रही थी तभी इस पर संदिग्ध भूमिगत उग्रवादियों की ओर से अचानक अंधाधुंध गोलीबारी की गई जिससे श्री सिंह की जांघ और पैट में घाव हो गए । बड़ी जोर से खून बहने लगा और बस पर लगातार गोलियां चलाई जाती रहीं । यद्यपि, बस पर उग्रवादियों के एक अन्य ग्रुप द्वारा लगातार गोलियां चलाया जाना जारी था फिर भी स्कूली बच्चों और अन्य सवारियों को जान बचाने के लिए चालक श्याम सिंह बस को चलाते चले गए । उग्रवादी, बस पर लगातार गोलियां चलाते रहे और उन्होंने सामने वाले दाहिने टायर को पंक्चर कर दिया । परन्तु श्री सिंह ने वाहन की गति बढ़ा दी और बस को, घात लगाए जाने के स्थान से लगभग 4 कि. मी. दूर थाउबल स्थित पुलिस अधीक्षक के कार्यालय तक ले आए । तथापि, उग्रवादी कुछ दूरी तक बस का पीछा करते रहे और बस को रोककर सभी सवारियों को मार डालने के प्रयास में से लगातार स्वचालित हथियारों से गोलियां चलाते रहे । परन्तु वे अपनी योजना में सफल न हो सके क्योंकि श्री सिंह ने बस नहीं रोकी । इस घटना में श्री सिंह की दो बेटियां और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक लांस नायक मारा गया । श्री श्याम सिंह सहित नौ व्यक्ति घायल हुए ।

इस मुठभेड़ में, श्री श्याम सिंह, हैड-कांस्टेबल/चालक ने अदम्य वीरता, साहस और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19-10-1995 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 102-प्रेस/96—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्न-लिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री कन्हैया लाल,
लांस नायक,
43 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल ।

श्री बलजीत सिंह,
लांस नायक,
43 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

3-8-1995 को एक विश्वसनीय सूचना मिली कि कुछ सशस्त्र विद्रोही, गांव आदिपुरा में एक बैठक करने वाले हैं । कमांडेंट श्री एस. एस. संधू के नेतृत्व में उस क्षेत्र में छापा मारने की योजना बनाई गई । जब वे गांव में संदिग्ध घरों की घेराबंदी कर रहे थे तो निकटवर्ती पूजा स्थल में मौजूद विद्रोहियों ने गोलियां चलाना शुरू कर दिया । सैनिकों ने भी

जवाबी गोलीबारी की और लगभग 20 मिनट तक दोनों ओर से गोलियां चलती रहीं । उप-कमांडेंट की कमान में एक आक्रमण दल जिसमें सर्व श्री कन्हैया लाल और बलजीत सिंह भी शामिल थे, कवरिंग फायर की आड़ में पूजा स्थल के निकट पहुंचा । विचलित हुए बिना उग्रवादियों ने एक हथगोला फेंका और आक्रमण दल पर गोलियां भी चलाईं । लांस नायक कन्हैया लाल की बुलेट प्रूफ जैकेट में तीन गोलियां लगी और एक गोली, बलजीत सिंह की जैकेट की दाहिनी ओर रगड़ती हुई निकल गई । अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना और अविचलित दोनों ही कांस्टेबल, पूजा स्थल की दीवार के पास पहुंच गए और एक खिड़की में उन्होंने पूजा स्थल के अन्दर हथगोले फेंके । जब हथगोले फटे तो विद्रोही, उन छेदों में होकर बच निकलने के प्रयास में खिड़कियां से बाहर कूदने लगे, जिन्हें घेराबंदी दल ने कवर नहीं किया था । श्री कन्हैया लाल और श्री बलजीत सिंह ने एक विद्रोही का पीछा किया । अपना पीछा किए जाने की भनक मिलते ही उसने एक पेड़ की आड़ ले ली और सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों पर गोली चलाई । तथापि, दोनों ही जमीन पर लेट गए और इनमें से एक ने विद्रोही पर गोली चलाई और दूसरा कार्मिक किसी प्रकार से घूमकर दूसरी तरफ पहुंच गया और विद्रोही से गुत्थम-गुत्था हो गया और उस पर काबू पा लिया । पकड़े गए उग्रवादी की शिनाख्त, खुर्शीद अहमद गनाई पुत्र अब्दुल गनी गनाई, कोड "शाहबाज" के रूप में हुई जोकि एक पाक प्रशिक्षित उग्रवादी और हिज्ब-उल-मुजाहिदीन का स्वयंभू प्लाटून कमांडर था । उसके पास से दो सक्रिय कारतूसों सहित एक चीनी पिस्तौल और एक आर पी ओ 762 एल एम जी तथा 65 चक्र सहित एक ड्रम मैगजीन और एक हथगोला बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री कन्हैया लाल, लांस नायक और बलजीत सिंह, लांस नायक ने अदम्य वीरता, साहस और कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी 3-8-1995 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 103-प्रेज/96—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्न-लिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री आर. एस. सिंह,
कांस्टेबल,
50वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री पी. के. तिवारी,
कांस्टेबल,
50वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री आर. पी. यादव,
कांस्टेबल,
50वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 3-5-1993 को करीब 1115 बजे श्री आर. एस. सिंह, चौकी कमांडर, शाहपुर सीमा चौकी, को पता चला कि कुछ विद्रोहियों ने यूको बैंक को लूट लिया है और वे बंगलादेश सीमा की ओर भाग गए हैं । श्री सिंह ने सीमा चौकियों को सीमा सील कर देने का आदेश दिया । श्री यादव और श्री तिवारी, कान्स्टेबलों, ने फायरिंग करने के लिए उपयुक्त स्थान चुना और विद्रोहियों को बंगलादेश सीमा में प्रवेश नहीं करने दिया । श्री सिंह ने सीमा चौकियों की सहायता के लिए कुछ अन्य रैंकों को भेजा और तत्काल, बैंक की ओर गए । जब पुलिस दल मनकाछार बस स्टाप के करीब पहुंचा तो उन्होंने पाया कि विद्रोही भारतीय सीमा पर स्थित एक गांव की ओर दौड़ रहे थे । जब उन्होंने उनका तेजी से पीछा किया तो दोनों ओर से गोली-बारी हुई । इस बीच पुलिस दल राह से भटक गया और इस तरह बदमाश उनकी आंखों से ओझल हो गए । तब श्री सिंह ने विद्रोहियों, जिनके निकट के हटमेंटों में छिपे होने का सन्देह था, का पता लगाने के उद्देश्य से हवा में दो/तीन राउण्ड गोलियां चलाईं । इसके परिणामस्वरूप, विद्रोहियों ने पुनः गोलियां चलाईं और सीमा की ओर भाग निकले । पुलिस दल ने गोलियां चलाईं और इस तरह करीब डेढ़ घंटे तक दोनों ओर से गोली-बारी होती रही तथा इस प्रक्रिया में दल के कमांडर आर. एस. सिंह द्वारा मनकाछार कालिज क्षेत्र में एक उपद्रवकारी को मार गिराया गया। शेष चार विद्रोही बंगलादेश में घुस जाने के उद्देश्य से शाहापाड़ा क्षेत्र की ओर दौड़े उस समय श्री तिवारी ने एक विद्रोही को मार गिराया । कान्स्टेबल यादव, जो कि निगरानी बुर्ज संख्या 1 पर थे, शेष तीनों विद्रोहियों की तरफ भागे तो उन पर भारी गोली-बारी की गई, और उन्होंने उनमें से एक को मार गिराया । इस दौरान, श्री सिंह, भाग रहे दो उग्रवादियों के सामने की ओर आ गए और बाद में इन दोनों विद्रोहियों को भी पुलिस दल ने मार डाला । इस अभियान में 5 विद्रोही मारे गए और एक पकड़ा गया तथा निम्नलिखित शस्त्र और गोला-बारूद बरामद किया गया :—

(1) ए.के. 47/56 राईफलें—2 (चार मैगजीनों सहित)

(2) ए.के. 47/56 के सक्रिय कारतूस— 40 राउण्ड

(3) ए.के. 47/56 के ई. एफ. सी. — 01

(4) 9 मि.मी. की कार्बाईन मशीन— एक मैगजीन सहित दो

(5) 9 मि.मी. के सक्रिय राउण्ड— 15

(6) फ्यूज सहित 36 मं. के हथगोले– 01

(7) भारतीय मुद्रा (लूटी हुई)– 7,05,500/- रुपये

इस मुठभेड़ में सर्वश्री आर. एस. सिंह, पी. के. तिवारी और आर. पी. यादव, कान्स्टेबलों, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 3-5-1993 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 104-प्रेज/96—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री पी. एल. तिवारी,
कमांडेंट,
1 बटा., सीमा सुरक्षा बल ।

श्री सी. बी. एकलूरे,
सूबेदार,
1 बटा., सीमा सुरक्षा बल ।

श्री विमोद कुमार,
कांस्टेबल,
1 बटा., सीमा सुरक्षा बल ।

श्री कुलजीत सिंह,
कांस्टेबल,
1 बटा., सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

26-6-95 को यह सूचना मिलने पर कि कुछ उग्रवादियों ने श्रीनगर के करफाली मोहल्ले में शरण ले ली है, श्री पी. एल. तिवारी, कमांडेंट ने एक सहायक कमांडेंट, 4 एस.ओ. एवं 39 अन्य रैंकों को मिलाकर एक स्पेशल ग्रुप बनाया । ब्रीफिंग के पश्चात् लगभग 0500 बजे यह टुकड़ी करफाली मुहल्ले की ओर बढ़ी । इस टुकड़ी को दो ग्रुपों में बांटा गया । एक ग्रुप का नेतृत्व श्री तिवारी ने और दूसरे का नेतृत्व श्री प्रताप सिंह, सहायक कमांडेंट ने किया । जब श्री तिवारी का ग्रुप काजी मस्जिद के निकट पहुंच रहा था तो उस पर उग्रवादियों की ओर से भारी गोलीबारी की गई । तब दूसरी टुकड़ी को सावधान कर दिया गया लेकिन जब यह उस इमारत के पास पहुंची तो इस पर भी भारी गोलाबारी की गई । सहायक कमांडेंट श्री प्रताप सिंह ने उपलब्ध सैनिकों की मदद से उस इलाके को दो तरफ से घेर लिया और साथ ही साथ गोलियां चलाते हुए उग्रवादियों को उलझाए रखा । गोलीबारी के दौरान तीन उग्रवादियों ने बचकर भाग निकलने की कोशिश की । प्रताप सिंह की पार्टी द्वारा घायल हुआ एक उग्रवादी अपनी ए.के.-56 राइफल छोड़कर भाग गया । दूसरा उग्रवादी, छिपने के ठिकाने के पास गया और उसने दोनों ही पार्टियों पर गोलियां चलाईं तथा तीसरा उग्रवादी किसी प्रकार बच निकला । तत्पश्चात् सूबेदार सी. बी. एकलूरे और 4 अन्य जवानों के साथ श्री तिवारी उस इमारत के निकट पहुंच गए । चूंकि उग्रवादी दोनों पार्टियों पर लगातार गोलियां चला रहा था इसलिए कुमुक बुलाई गई और पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली गई । श्री तिवारी अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए एक खिड़की तक पहुंच ही गए और उन्होंने एक गोला इमारत के अन्दर फेंका । इसी बीच निरीक्षक चन्द्र भानु, मुख्य द्वार से और कांस्टेबल कुलजीत सिंह एवं विमोद कुमार, साथ लगे कमरे में उस पर से कूदे और उन्होंने गोलियां चलाते हुए छिपने के ठिकाने पर धावा बोल दिया । जब गोलियां चलनी बंद हुईं तो एक शव बरामद हुआ जिसकी पहचान, हिज्बुल मुजाहिदीन से सम्बद्ध अल कुबार बटालियन की उमर बिन यासीर कंपनी की कंपनी कमांडर और पाक प्रशिक्षित उग्रवादी अल्ताफ अहमद मंगलूर फारुक टापा के रूप में की गई । निम्नलिखित हथियार और गोलीबारूद बरामद किए गए :—

1. ए.के.-56 राइफल-02
2. ए.के.-56 की मैगजीन-04
3. ई.ई.सी.-22
4. ए.के. श्रेणी की राइफल के जिन्दा कारतूस-62
5. वायरलैस सैट-01

इस मुठभेड़ में, श्री पी. एल. तिवारी, कमांडेंट, श्री सी. बी. एकलूरे, सूबेदार, श्री विमोद कुमार, कांस्टेबल और श्री कुलजीत सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26-6-1995 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 105-प्रेज/96—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री कृष्ण नन्दन शर्मा
लांस नायक,
34 बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिसके लिए पदक प्रदान किया गया

20 अक्तूबर, 1994 को लगभग 12.55 बजे सीमा सुरक्षा बल की 34वीं बटालियन के सेकेण्ड इन कमांड जम्मू यूनिट के सैनिकों के साथ तीन वाहनों में अनन्तनाग जिले में मट्टी सीरान से दक्सूम की ओर जा रहे थे तो उन पर उग्रवादियों द्वारा घात लगाकर हमला किया गया और 30—40 विद्रोहियों की ओर से उन पर भारी गोलीबारी की गई। बचकर निकल जाने की दृष्टि से, मारूति जिप्सी में बैठे सेकेण्ड कमांड ने अपने चालक से कहा तेजी से गाड़ी चलाकर वह काफिले के आगे निकल चले और इस प्रकार से मारक क्षेत्र से बाहर निकल चले। उनके काफिले के दो वाहन तो मारक क्षेत्र से सुरक्षित निकल आए परन्तु तीसरा एवं अंतिम वाहन उतनी तेजी से आगे नहीं बढ़ सका क्योंकि उसका मार्ग एक बड़े शिलाखण्ड से अवरुद्ध हो गया। इस वाहन में सवार लोगों में से दो को गोलियां लगीं और बाद में घायलावस्था में ही उनकी मृत्यु हो गई। लांस नायक के. एन. शर्मा की जांघ और घुटनों में गोलियां लगी परन्तु गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद श्री शर्मा ने घायल कांस्टेबल की मध्यम मशीनगन ले ली और उग्रवादियों पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया। यह महसूस करके कि तीसरा वाहन उनके साथ नहीं आया है, सेकेण्ड इन कमांड अपने कार्मिकों के साथ घात लगाए गए स्थान पर वापस लौटे परन्तु जब वे लगभग एक किलोमीटर पीछे ही थे तभी उन पर भारी गोलीबारी की गई। इसी बीच श्री शर्मा ने सीमा सुरक्षा बल की 34वीं बटालियन के कमांडेंट को सूचित कर दिया और वे, कुमुक के साथ घात लगाई गई जगह पर पहुंच गए। जैसे ही कमांडेंट और उनका दल घातस्थल पर पहुंचा, उन पर भी भारी गोलीबारी की गई। कमांडेंट ने 81 मि.मी. मोर्टार से मोर्चा संभाला और उग्रवादियों की ओर दो बम फेंके जिसके परिणामस्वरूप विद्रोही पीछे हटने लगे।

इस मुठभेड़ में, श्री कृष्ण नंदन शर्मा, लांस नायक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20 अक्तूबर, 1994 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 106-प्रेज/96—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री जी. श्रीनिवासु,
कांस्टेबल,
84वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

13 दिसम्बर, 1994 को 84वीं बटालियन के कमांडेंट के नेतृत्वाधीन एक खोजी दल पर, अवान्ता भवन क्षेत्र में छिपे विद्रोहियों ने भारी गोलीबारी की। जब समर्पण के लिए किए गए अनुरोध का कोई असर नहीं हुआ तो जवानों ने जवाबी गोलीबारी की और उनमें से दो को मार गिराया। इस हमले के दौरान लांस/नायक यू. एस. पंचोली और कांस्टेबल धर्मेन्द्र सिंह घायल हो गए और उन्हें तत्काल बेस अस्पताल ले जाया गया जहां लांस/नायक पंचोली की घावों के कारण मृत्यु हो गई। पूरी रात रुक-रुक कर हुई गोलीबारी के बाद विद्रोहियों ने 14 दिसम्बर को लगभग 13.00 बजे घर को आग लगा दी तथा वहां से बच कर भाग निकलने की कोशिश कर रहे दो विद्रोहियों को मार गिराया गया। अन्ततः, उप-कमांडेंट, बी. एस. रावत, कांस्टेबल अशोक कुमार और कांस्टेबल जी. श्रीनिवासु, घर में घुसने में सफल हो गए, जहां उन पर हथगोले फेंके गए जिससे कांस्टेबल अशोक कुमार, घायल हो गए। कांस्टेबल जी. श्रीनिवासु और उप-कमांडेंट रावत ने साहस के साथ कार्रवाई करते हुए प्रत्येक के एक-एक आतंकवादी को मार गिराया। दल के कार्मिकों को और आगे बढ़ने से रोकने के लिए एक अन्य विद्रोही कमरे से बाहर निकल आया और जवानों पर गोलियां चलाने लगा। ऐसे नाजुक मौके पर कांस्टेबल जी. श्रीनिवासु, जो इस उग्रवादी के काफी निकट थे, उग्रवादी पर झपटे और उसके शस्त्र को पकड़ लिया। उग्रवादी के साथ जूझते हुए तथा उसको अपने शस्त्र का उपयोग न करने देने से श्री रावत को आगे आने और इस उग्रवादी को मार गिराने का मौका मिल सका। कुल मिला कर, सात उग्रवादी मार गिराये गए तथा निम्नलिखित शस्त्र और गोला-बारूद बरामद किया गया :—

1. 2 ए.के.-56 राईफलें
2. एक 9 मि.मी. की कार्बाईन मशीनगन
3. तीन हथगोले
4. एक वायरलैस सैट तथा बड़ी मात्रा में सक्रिय गोला-बारूद

इस मुठभेड़ में, श्री जी. श्रीनिवासु, कांस्टेबल, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13-12-1994 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 107-प्रेज/96—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री बी. आर. चौधरी,
उप-कमांडेंट,
43वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री आर. पी. सिंह,
नायक,
43वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

5-10-1995 को सूचना मिली कि नौपुरा, सोपोर, कश्मीर स्थित एक फार्म हाउस में कुछ खूंखार उग्रवादी छिपे हुए हैं । उपलब्ध दल को लेकर एक छापा मारने की योजना बनाई गई । क्षेत्र की घेराबंदी करने के लिए जवानों को चार दलों में विभाजित किया गया । श्री बी. आर. चौधरी, उप-कमांडेंट, को 43वीं. बटालियन के 9 अन्य रैंकों के साथ, बचकर भाग निकलने के महत्वपूर्ण मार्गों को कवर करने के लिए तैनात किया गया, श्री सन्धू, कमांडेंट के नेतृत्व वाले एक अन्य दल ने घर की ओर युक्तिपूर्ण ढंग से बढ़ना शुरू किया । जिस समय छापा मारने वाले जवान एक बाग में स्थित सुनसान मकान की ओर बढ़े तो अन्दर छिपे हुए उग्रवादियों ने स्वचालित हथियारों से आगे बढ़ रहे सुरक्षा बल के जवानों पर गोलीबारी की । सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने जवाबी कार्रवाई की और करीब 20 मिनट तक दोनों ओर से गोलाबारी होती रही । अंधेरे का लाभ उठाते हुए उग्रवादियों ने अपने छिपने के स्थान को छोड़ दिया और वहां से बचकर भाग निकलने के प्रयास में विभिन्न दिशाओं में दौड़ना शुरू कर दिया । श्री चौधरी और आर. पी. सिंह ने आक्रमण करने वाली पार्टी को कवरिंग फायर प्रदान की, जोकि इमारत की ओर बढ़ चुके थे । आक्रमण करने वाली पार्टी ने भवन में हथगोले फेंके, और जब वे फटे तो उग्रवादी खिड़की से बाहर कूद पड़े और बचकर भाग निकलने का प्रयास किया । एक विद्रोही का पीछा सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने किया, जबकि दूसरा बाग की ओर भागने लगा । जब श्री चौधरी और सिंह ने उसका पीछा किया, तो विद्रोही पेड़ों की आड़ लेता और अपने पीछे आने वालों पर गोलियां चलाते हुए, बाग में से भागने लगा । एक गोली श्री चौधरी की जैकेट पर लगी तथा एक अन्य गोली श्री सिंह की जैकेट से रगड़ती हुई गुजर गई । श्री चौधरी ने एक छोटा रास्ता देखा और श्री सिंह की मदद से उग्रवादी को वहीं उलझाए रखा और अत्यंत फुर्ती के साथ गोली चला रहे उग्रवादी को दबोच लिया । उसने अपने आपको मुश्ताक अहमद खजा, कोड "जहांगीर" पुत्र गुलाम रसूल खोजा, पी टी. एम. तथा एच. एम. गिरोह का स्वयं-भू सैक्शन कमांडर, बताया । उसके पास से निम्नलिखित शस्त्र/गोला-बारूद बरामद किए गए :—

ए. के. 56 राइफल—01 सं.

ए. के. 56 सारीज की मैगजीन—03 सं.

ए. के. श्रेणी के सक्रिय कारतूस—69 राउण्ड

फोटोफोन वायरलैस सैट—01 सं.

इस मुठभेड़ में, श्री बी. आर. चौधरी, उप-कमांडेंट तथा श्री आर. पी. सिंह, नायक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 5-10-1995 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 108-प्रेज/96—राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री संजय चौधरी, आई. पी. एस.
पुलिस अधीक्षक,
सरगुजा ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

28-4-95 को लगभग दोपहर 12.35 बजे लगभग एक दर्जन अपराधियों के एक सशस्त्र गिरोह ने अम्बिकापुर शहर के बैंक आफ बड़ौदा में डकैती डाली और 6.37 लाख रुपये लेकर चंपत हो गये । सूचना मिलने पर, श्री संजय चौधरी ने शहर के नियंत्रण कक्ष से सम्पर्क किया, अधिकारियों को तीन दल बनाने का निर्देश दिया और उसके बाद वे अभियुक्तों की खोज में विभिन्न दिशाओं में चल पड़े । श्री संजय चौधरी ने एक दल का नेतृत्व किया जिसमें दो सिपाही थे और बचकर भागने के संभावित रास्ते की तरफ चल पड़े । अपराधियों को दो मोटर साईकिलों तथा एक मोपेड पर भागते देखकर संजय चौधरी ने उनका जबर्दस्त पीछा किया । संकट को भांपते हुए, अभियुक्तों ने श्री चौधरी और उनके दल पर अंधाधुन्ध गोलियां चलानी शुरू कर दी । अविचलित पुलिस दल ने गोलीबारी का जवाब गोलीबारी से दिया । अपने वाहनों को छोड़कर अपराधी घने जंगल की तरफ भागे, लेकिन उनमें से एक पर काबू पा लिया गया । श्री चौधरी अन्य अपराधियों का पीछा करते रहे और जिस समय जंगलों की

सघन तलाशी ली जा रही थी, तब अभियुक्तों ने नजदीक आते हुए पुलिस दल पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में श्री चौधरी ने अपनी 09 एम.एम. की सर्विस पिस्तौल से गोलीबारी की और अभियुक्तों में से एक को पैर में गोली मारकर उसे घायल कर दिया, बाद में उस पर काबू पा लिया गया। घायल होने के बावजूद श्री चौधरी ने तलाशी जारी रखी और पुलिस दल का नेतृत्व करते हुए अन्य तीन अभियुक्तों को पकड़ने में अंततः सफल हुए। कुल मिलाकर 10 अपराधी पकड़े गए जिन के पास से 6.32 लाख रुपए, .315 बोर की 5 देशी पिस्तौलें तथा .12 बोर की एक पिस्तौल, दो मोटरसाईकिलें तथा एक लूना बरामद की गई। अपराधियों की पहचान (1) अरविंद सिंह (2) देवेन्द्र सिंह (3) शिवजी सिंह (4) रूप सिंह (5) गौरी शंकर (6) सुरेन्द्र सिंह (7) संजय सिंह (8) बलिराम सिंह (9) मोहन सिंह तथा (10) श्रीमती देव मुनी के रूप में हुई।

इस मुठभेड़ में श्री संजय चौधरी, पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28-4-1995 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 109-प्रेज/96—राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री विजय यादव,
पुलिस अधीक्षक,
जिला भिण्ड।

श्री राजेन्द्र प्रसाद,
एस.डी.पी.ओ.,
जिला भिण्ड।

श्री हुकम सिंह यादव,
एस.डी.पी.ओ., अटेर,
जिला भिण्ड।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 14-6-94 को श्री विजय यादव, पुलिस अधीक्षक, भिण्ड, को सूचना प्राप्त हुई कि बैटा सिंह डकैत का एक गिरोह, क्वारी नदी के दर्रे में ठहरा हुआ है। श्री यादव ने, अपने अन्य साथियों के साथ घेराबंदी करने और तलाशी लेने के अभियान की योजना बनाई। उपलब्ध बल को 4 ग्रुपों में विभाजित किया गया—पहला दल जिसका नेतृत्व श्री हुकम सिंह यादव कर रहे थे, को गांव छुनकारी से कोट कनावार तक की तलाशी लेनी थी, को अन्तर-राज्य सीमा के निकट एक कट-आफ पार्टी के रूप तथा दूसरे दल को जिसका नेतृत्व थाना प्रभारी रूप कर रहे थे, को अन्तर-राज्य सीमा के निकट एक कट-आफ पार्टी के रूप में तैनात किया गया। श्री विजय यादव, पुलिस अधीक्षक, के नेतृत्वाधीन वाले तीसरे दल को, नावोरी गांव से कच्छपुरा पहुंचना था, तथा एस.डी.पी.ओ., भिण्ड, श्री राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्वाधीन वाले दल को गांव कोट-कनावार से कच्छपुरा तक तलाशी लेनी थी।

करीब 13.00 बजे श्री हुकम सिंह और उनकी पार्टी ने डकैतों को एक पेड़ के नीचे आराम करते देख, उन्हें समर्पण करने के लिए ललकारा परन्तु डकैतों ने उन पर गोली चलायी और उत्तर दिशा में बच कर भागने की कोशिश की। श्री हुकम सिंह और उनके दल ने डकैतों का पीछा किया तथा उसके बाद हुई मुठभेड़ में दो डकैतों को मार गिराया, जिनकी शिनाख्त बिजेन्द्र सिंह और बल्लू कुर्मी के रूप में की गयी। शेष डकैत जिन्होंने बच कर उत्तर प्रदेश में भाग जाने की कोशिश की, को दूसरे दल ने बीच में ही रोका तथा दोनों ओर से हुई गोली-बारी के दौरान दो डकैतों को मार गिराया गया जिनकी पहचान सरमन मुसलमान तथा प्राण सिंह यादव के रूप में की गई। पुलिस दल संख्या तीन और चार, जिनका नेतृत्व श्री विजय यादव और श्री राजेन्द्र प्रसाद कर रहे थे, कच्छपुरा गांव पहुंचे, पुनर्गठित हुए और शेष गिरोह को बीच में ही पकड़ने के उद्देश्य से एक विस्तारित ढांचे में उत्तर पश्चिम की ओर बढ़े। श्री यादव ने डकैतों को समर्पण करने के लिए ललकारा परन्तु डकैतों ने गोली चलानी शुरू कर दी। पुलिस दल ने जवाबी गोली-बारी की परन्तु डकैतों ने एक नाले में मोर्चा लिया और भारी गोली-बारी की। जहां पर जो भी आड़ (कवर) उपलब्ध थी उसका सहारा लेकर पुलिस दल ने जवाब में गोली-बारी की और विपरीत परिस्थितियों में आगे बढ़े। लगभग दो घंटे तक भीषण गोली-बारी हुई तथा चूंकि और आगे बढ़ना असंभव था, इसलिए श्री यादव, डकैतों का ध्यान बांटने के उद्देश्य से डाकुओं पर चिल्लाए, उन्होंने श्री राजेन्द्र प्रसाद को दाएं छोर की ओर बढ़ने का निर्देश दिया जबकि श्री यादव ने आक्रमण करने वाले दल के साथ स्वयं बाईं ओर से आगे बढ़ने की कोशिश की। श्री हुकम सिंह और थाना प्रभारी रूप ने, दलों के साथ पिछली ओर से बच कर भाग निकलने के रास्तों को बंद कर दिया। श्री विजय यादव बाईं ओर से आगे बढ़े तथा डाकुओं को घेर लिया गया और नजदीक से गोली बारी कर उन्हें उलझा लिया। दोनों ओर से हुई गोली-बारी के दौरान चार अन्य डकैतों को मार गिराया गया, जिनकी शिनाख्त बैटा सिंह, गिरोह का सरगना, कल्लू धीमर, इकबाल मुसलमान और कल्लू यादव, के रूप में की गयी। बैटा सिंह, जिस पर 5,500/- रु. ईनाम था, से एक 30 एम. आई. अमरीकी सेना की स्वचालित राईफल बरामद की गई, जबकि प्रत्येक अन्यों पर 1,000/-रु. का ईनाम घोषित था। बड़ी मात्रा में गोला-

बारुद सहित एक 30-60 विनचेस्टर, एल .315 की भारतीय आयुध राईफल, इंगलिश मार्क, 12 बोर की दो डी. बी. बी. एल. बन्दूकें, बरामद की गयी ।

इस मुठभेड़ में सर्व श्री विजय यादव, पुलिस अधीक्षक, श्री राजेन्द्र प्रसाद, एस. डी. पी. ओ., श्री हुकम सिंह यादव, एस. डी. पी. ओ., ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14-6-94 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 110-प्रेज/96—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर सशस्त्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री हरि सिंह, (मरणोपरान्त)
एस. जी. कांस्टेबल,
3 बटालियन,
जम्मू कश्मीर सशस्त्र पुलिस ।

श्री महेश कुमार, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
3 बटालियन,
जम्मू कश्मीर सशस्त्र पुलिस ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

30 अगस्त, 1990 को लगभग 1300 बजे, घातक हथियारों से लैस कुछ उग्रवादियों ने जिला न्यायालय भवन के परिसर से श्री ए. के. मान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अनन्तनाग पर उस समय हमला किया जब वे अपनी कार में बैठने वाले थे । गोलियों की पहली बौछार की आवाज पर, रक्षक पार्टी से एस. जी. कांस्टेबल हरि सिंह और महेश कुमार ने अपने आपको इस से पोजीशन किया । जिससे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को संरक्षण मिल सके । लेकिन वे गोली लगने से जख्मी हो गए और बाद में जख्मों के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया । कान्स्टेबल पुरुषोत्तम सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को कार के नजदीक धकेल दिया और उग्रवादियों की गोलियों का जवाब देने लगे । कांस्टेबल तिलक राज ने अपनी राईफल से गोलियां चलानी शुरू कर दी और इस प्रकार से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को आड़ में रखा, जिससे कान्स्टेबल पुरुषोत्तम सिंह को जख्मी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को उठा कर कार में डालने और घटनास्थल से हटाने में मदद मिली । कान्स्टेबल पुरुषोत्तम सिंह ने जम्मू कश्मीर सशस्त्र पुलिस की दूसरी पलाटून को भी सावधान कर दिया, जिसने छत पर और अन्य अनुकूल स्थानों पर तुरन्त मोर्चा संभाल लिया । रक्षक दल और पलाटून द्वारा गोलीबारी करने पर उग्रवादी भागने लगे लेकिन भागने से पहले उन्होंने एक हथगोला फेंका । दोनों तरफ से हुई इस गोलीबारी में कान्स्टेबल मो. अकरम गंभीर रूप से जख्मी हो गए ।

इस मुठभेड़ में, श्री हरि सिंह एस. जी. कांस्टेबल, श्री महेश कुमार कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक की नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30-8-90 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 111-प्रेज/96—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर सशस्त्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

मो. अकरम,
एस. जी. कान्स्टेबल,
3 बटालियन, जम्मू कश्मीर सशस्त्र पुलिस ।

श्री पुरुषोत्तम सिंह,
एस. जी. कांस्टेबल,
3 बटालियन जम्मू कश्मीर सशस्त्र पुलिस ।

श्री तिलक राज,
एस. जी. कांस्टेबल,
3 बटालियन, जम्मू कश्मीर सशस्त्र पुलिस ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

30 अगस्त, 1990 को लगभग 1300 बजे, घातक हथियारों से लैस कुछ उग्रवादियों ने जिला न्यायालय भवन के परिसर से श्री ए. के. मान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अनन्तनाग पर उस समय हमला किया जब वे अपनी कार में बैठने वाले थे । गोलियों की पहली बौछार की आवाज पर, रक्षक पार्टी से एस. जी. कान्स्टेबल हरि सिंह और महेश कुमार ने अपने आपको इस से पोजीशन किया । जिससे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को संरक्षण मिल सके । लेकिन वे गोली लगने से जख्मी हो गए और बाद में जख्मों के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया । कांस्टेबल पुरुषोत्तम सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को कार के नजदीक धकेल दिया और उग्रवादियों की गोलियों का जवाब देने लगे । कान्स्टेबल तिलक राज ने भी अपनी राईफल से गोलियां चलानी शुरू कर दी और इस प्रकार से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को आड़ में रखा, जिससे कान्स्टेबल पुरुषोत्तम सिंह को जख्मी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को उठा कर कार में डालने और घटनास्थल से हटाने में मदद मिली । कान्स्टेबल पुरुषोत्तम सिंह ने जम्मू कश्मीर सशस्त्र

पुलिस की दूसरी प्लाटून को भी सावधान कर दिया, जिसने छत पर और अन्य अनुकूल स्थानों पर तुरन्त मोर्चा संभाल लिया। रक्षक दल और प्लाटून द्वारा गोलीबारी करने पर उग्रवादी भागने लगे लेकिन भागने में पहले उन्होंने एक हथगोला फेंका। दोनों तरफ से हुई इस गोलीबारी में कान्स्टेबल मो. अकरम गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

इस मुठभेड़ में, मो. अकरम, एस. जी. कान्स्टेबल, श्री परषोत्तम सिंह, एस. जी. कान्स्टेबल, श्री तिलकराज, एस. जी. कान्स्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक की नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30-8-1990 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान, राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 112-प्रेज/96—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री सुरेश दागडू पोले,
पुलिस निरीक्षक,
पुणे शहर।

श्री बालासाहेब बी. भोर,
कान्स्टेबल,
पुणे शहर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

